C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 217 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 29 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## मार्च में बजेगा पंचायत चुनाव का बिगुल, आचार संहिता तय

### एक लाख से ज्यादा वार्ड पंच और 14,635 सरपंच पदों पर होगा मतदान

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

एक साल से ठप पड़ी गांव की सरकार को अब नया जनादेश मिलने जा रहा है। राजस्थान में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। राज्य निर्वाचन आयोग मार्च में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के चुनाव कराने की तैयारी में है। 25 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद कभी भी चुनाव कार्यक्रम घोषित हो सकता है। घोषणा के साथ ही प्रदेशभर में आचार संहिता लागू हो जाएगी।

**एक लाख से ज्यादा वार्ड पंच, 14,635 सरपंच चुनेंगे मतदाता**


राज्य में 3,441 नई ग्राम पंचायतों के गठन के बाद कुल पंचायतों की संख्या 14,635 हो गई है। इसके साथ ही 45 हजार से अधिक नए वार्ड बने हैं। अब प्रदेश में एक लाख से ज्यादा वार्ड पंच और 14,635 सरपंच पदों पर चुनाव होंगे। इस बार अकेले 45 हजार से ज्यादा नए वार्ड पंच चुनकर आएंगे।

**पंचायत समिति-जिला परिषद में भी एक साथ चुनाव**

राज्य में 85 नई पंचायत समितियां और 8 नई जिला परिषद बनी हैं। अब कुल 450 पंचायत समितियां और 41 जिला परिषद हो गई हैं। मार्च में 29 जिला परिषदों में जिला परिषद सदस्य और जिला प्रमुख चुने जाएंगे। वहीं करीब 400 पंचायत समितियों में सदस्य और प्रधान पदों के लिए मतदान होगा।

**पंच-सरपंच बैलेट से, बड़े पदों पर EVM**

इस बार पंच और सरपंच के चुनाव ईवीएम से नहीं, बल्कि बैलेट पेपर से कराए जाएंगे। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव ईवीएम से होंगे, हालांकि जहां मशीनें कम पड़ेंगी वहां बैलेट बॉक्स का विकल्प भी रखा गया है।



**प्रशासकों के भरोसे चल रही थीं पंचायतें**

प्रदेश की अधिकांश पंचायतों का कार्यकाल एक साल पहले ही पूरा हो चुका है। ग्राम पंचायतों में पूर्व सरपंचों को ही प्रशासक बनाकर काम चलाया जा रहा है, जबकि पंचायत समितियों और जिला परिषदों में अधिकारी प्रशासक की भूमिका निभा रहे हैं।

**3000 करोड़ का फंड अटका, चुनाव से खुलेगा रास्ता**

चुनाव में देरी के कारण राजस्थान को केंद्रीय वित्त आयोग का करीब 3000 करोड़ रुपए का फंड नहीं मिल पाया। यह राशि तभी जारी होगी जब पंचायतीराज संस्थाओं में चुनी हुई सरकारें बनेंगी। मार्च में चुनाव होने पर फंड रिलीज होने की उम्मीद है।

**विपक्ष का हमला, सुप्रीम कोर्ट की सख्ती**

पंचायत और निकाय चुनावों में देरी को लेकर विपक्षी कांग्रेस लगातार सरकार पर हमलावर रही है। मामला अदालत तक पहुंचा और सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल तक चुनाव कराने के आदेश दिए। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां तेज कर दीं।

## मनरेगा बदलाव के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, गैंती-फावड़ा लेकर विधानसभा पहुंचे विधायक






**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत बुधवार को राजनीतिक गहमागहमी के बीच हुई। मनरेगा में प्रस्तावित बदलाव के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा के मुख्य द्वार पर अनोखे अंदाज़ में प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में विधायक गैंती, तगारी और फावड़े लेकर विधानसभा पहुंचे और नारेबाजी की। सुरक्षाकर्मियों ने औजारों के साथ प्रवेश की अनुमति नहीं दी, जिसके बाद विधायक बिना प्रतीकात्मक उपकरणों के सदन में गए।

इधर, विधायक निधि में कमीशनखोरी के आरोपों को लेकर भरतपुर जिले के बयाना से निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत 'सीबीआई जांच की मांग' लिखी साड़ी पहनकर विधानसभा पहुंचीं। उन्होंने मामले की सीबीआई अथवा हाईकोर्ट के सिटिंग जज से जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि आरोपों से जनप्रतिनिधियों की छवि धूमिल हुई है।

इससे पूर्व राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण से बजट सत्र की औपचारिक शुरुआत हुई। राज्यपाल ने यमुना जल परियोजना की डीपीआर अंतिम चरण में होने, इंदिरा गांधी नहर के जीर्णोद्धार पर 2800 करोड़ रुपये खर्च, राइजिंग राजस्थान समिट के बाद 8 लाख करोड़ रुपये के निवेश के धरातल पर उतरने, एक लाख नई भर्तियों के कैलेंडर और रिफाइनरी प्रोजेक्ट पर 63,500 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने की जानकारी दी। अभिभाषण के बाद दिवंगत 21 नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन की कार्यवाही गुरुवार तक स्थगित कर दी। कार्य सलाहकार समिति की बैठक में 11 फरवरी तक का कार्यकाल तय किया गया है, जिसमें 11 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा।

गुरुवार से राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस शुरू होगी। राजनीतिक संकेतों के अनुसार, मनरेगा, ओएमआर शीट और अन्य मुद्दों को लेकर आगामी दिनों में सदन में तीखी बहस और हंगामे के आसार हैं।

## मताधिकार पर डाका, SIR बना सियासी हथियार

### कांग्रेस का आरोप बीजेपी दबाव में काटे जा रहे वोटर लिस्ट से नाम, ओम बिरला पर भी साधा निशाना

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** प्रदेश में एसआईआर को लेकर सियासत तेज होती जा रही है। मतदाता सूचियों से नाम काटे जाने के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने बीजेपी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को कोटा में कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल के नेतृत्व में नयापुरा स्थित कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला गया। मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे।

प्रहलाद गुंजल ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि एसआईआर के नाम पर आम आदमी के लोकतांत्रिक अधिकारों पर डाका डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है जब जनता को अपने मताधिकार की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरना पड़ेगा।





**एसआईआर के जरिए सांप्रदायिक एजेंडा**

गुंजल ने आरोप लगाया कि एसआईआर की आड़ में बीजेपी अपना सांप्रदायिक एजेंडा पूरा करना चाहती है। प्रशासनिक अधिकारियों पर ऊपर से दबाव बनाया जा रहा है कि चुनिंदा वर्ग और कांग्रेस विचारधारा से जुड़े लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जाएं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि नगर पालिका के चेयरमैन और नेशनल अवार्डी रहे नसरूद्दीन तक का नाम काटने का फॉर्म भरवा दिया गया, जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक संकेत है।

**ओम बिरला पर सीधा हमला**

कांग्रेस नेता ने कोटा-बूंदी सांसद ओम बिरला पर भी निशाना साधा। गुंजल ने आरोप लगाया कि हर विधानसभा से 10-10 हजार नाम काटने के निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी किस तरह की परंपरा स्थापित करना चाहती है। अगले चुनाव में मंदिर की चादर ओढ़ने की बजाय जनता से अपने काम के नाम पर वोट मांगे जाएं।

**बीजेपी के मंसूबे नहीं होने देंगे कामयाब**

गुंजल ने साफ चेतावनी दी कि बीजेपी जो जनता के साथ कर रही है, उसे कांग्रेस किसी भी हाल में सफल नहीं होने देगी। कांग्रेस कार्यकर्ता लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे और जरूरत पड़ी तो सड़कों पर उतरते रहेंगे।

## तेज रफ्तार ईको कार बेकाबू, दो बाइकें क्षतिग्रस्त, मकान से टकराई , जनहानि टली

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**

जहाजपुर मार्ग पर बुधवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। खजूरी बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार मारुति ईको कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़ी दो मोटरसाइकिलों को चपेट में लेते हुए सीधे एक मकान से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

हादसा सुबह करीब 9 बजे खजूरी उप तहसील कार्यालय के नजदीक हुआ। राहत की बात यह रही कि जिस समय वाहन मकान से टकराया, वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि या चोट की सूचना नहीं है। हालांकि, दो बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं और कुछ देर के लिए मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई।



हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। सूचना पर स्थानीय लोग यातायात सुचारु कराने में जुटे। बताया जा रहा है कि वाहन मांडलगढ़ से जहाजपुर की ओर जा रहा था और तेज गति के कारण चालक संतुलन नहीं संभाल पाया।

## स्कॉर्पियो बाइक की जबरदस्त टक्कर, तीन गंभीर घायल





**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** कोटड़ी-भीलवाड़ा रोड पर सातोला का खेड़ा गांव के पास बुधवार सुबह स्कॉर्पियो और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह चकनाचूर हो गई, जबकि स्कॉर्पियो सड़क किनारे खाई में जा पलटी। हादसे में तीन जने गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही कोटड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि दुर्घटना में सातोला निवासी रामदेव पुत्र छितर भील तथा अलवर निवासी हाल मुकाम सातोला , विक्की पुत्र राधेश्याम माली और प्रभुलाल माली घायल हुए हैं। तीनों को निजी वाहनों की मदद से भीलवाड़ा ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को थाने में खड़ा कराया है और जांच में जुटी है ।

## जंगल में मिले युवक के शव मामले में बड़ा खुलासा , हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

फूलियाकलां पुलिस ने जंगल में युवक का शव मिलने के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए हत्या के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रामपाल बावरी एवं नरेष बावरी शामिल हैं। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व गठित विशेष टीम द्वारा की गई । पुलिस ने बताया की बीती 26 जनवरी को सुबह करीब 9 बजे मुरली बावरी ने थाना फूलियाकलां पर सूचना दी कि उसके भाई राधेश्याम बावरी का शव कल्याणपुरा खामोर के पास जंगल में पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, शव का मुआयना किया गया तथा एफएसएल टीम द्वारा आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भिजवाया गया। मृतक के भाई मुरली ने बताया कि उसी दिन सुबह करीब 7.15 बजे रामपाल बावरी (33 वर्ष), निवासी कल्याणपुरा ने फोन कर राधेश्याम के श्मशान के पास पड़े होने की जानकारी दी थी। जांच में सामने आया कि राधेश्याम की गंभीर मारपीट से मौत हुई, तथा इस घटना में रामपाल बावरी, उसके मामा व परिवार के अन्य लोगों की संलिप्तता पाई गई। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के दौरान रामपाल बावरी एवं नरेष बावरी (22 वर्ष), निवासी भगवानपुरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच जारी है।

## मादक पदार्थ तस्करी पर पुलिस की कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुर थाना पुलिस एवं डीएसटी भीलवाड़ा ने दो अलग-अलग मामलों में प्रभावी कार्रवाई करते हुए दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक 15 हजार रुपये का इनामी शातिर तस्कर भी शामिल है।

पहले प्रकरण में थाना पुर में दर्ज एनडीपीएस मामले में वांछित अभियुक्त दिनेश जटिया पुत्र वेणी प्रसाद निवासी भादसोड़ा, चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ट्रक कंटेनर के जरिए 564.200 किलोग्राम डोडा चूरा तस्करी के मामले में फरार था। आरोपी अन्य जिलों में भी डोडा-चूरा तस्करी के मामलों में वांछित है।

दूसरे प्रकरण में एमडीए तस्करी से जुड़े मामले में वांछित अभियुक्त इसराइल उर्फ एसराइल पुत्र खाजु मंसूरी निवासी भोमियों की मस्जिद के पास, मांडल, को उदयपुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर 5.93 ग्राम एमडीए की आपूर्ति का आरोप है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

# सोने-चांदी के भाव बने तनाव की वजह, भीलवाड़ा में सर्राफा बाजार दो घंटे बंद



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

सोने-चांदी के रिकॉर्ड भाव के बीच शहर में नया विवाद खड़ा हो गया है। सर्राफा व्यापारियों का आरोप है कि कुछ ग्राहक जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं , पहले बेचे गए सोने-चांदी के गहनों को अब नई बढ़ी हुई दरों पर दोबारा भुगतान की मांग कर रहे हैं। मना करने पर झूठे मुकदमों और बदनामी की धमकियां दी जा रही हैं।

इसी के विरोध में बुधवार को सर्राफा बाजार दो घंटे बंद रहा। व्यापारी जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे और कलेक्टर व एसपी से मिलकर सख्त कार्रवाई की मांग की। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि ऐसी घटनाएं दोबारा हुईं और कार्रवाई नहीं हुई, तो वे अपने स्तर पर निर्णय लेने को मजबूर होंगे।

व्यापारियों ने कहा कि बीते एक-दो महीनों में भाव अप्रत्याशित रूप से बढ़े हैं। पहचान के ग्राहक पुराने गहने बाजार भाव पर बेच रहे हैं, लेकिन कुछ लोग संगठित तरीके से 15-20 दिन पहले बेचे गहनों को नई दरों पर दोबारा लेने का दबाव बना रहे हैं। महिला होने का फायदा उठाकर झूठे केस की धमकियां दी जा रही हैं।

व्यापारियों ने प्रशासन से ऐसे तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान बड़ी संख्या में सर्राफा व्यवसाई दुकानों को बंद रखकर विरोध में शामिल हुए और ज्ञापन सौंपा।

# मेजा बांध पर जल आपदा से निपटने का रिहर्सल

## मॉक ड्रिल में 5 युवकों का सफल रेस्क्यू, जिला प्रशासन की तैयारी परखी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

मेजा बांध क्षेत्र में संभावित जल आपदा की स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए बुधवार दोपहर जिला प्रशासन द्वारा एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। दोपहर लगभग 02:35 बजे जिला कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि मेजा बांध में नहाने गए पांच युवक गहरे पानी में फंस गए हैं और उनके डूबने का खतरा बना हुआ है। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया और सिविल डिफेन्स रेस्क्यू टीम, पुलिस विभाग तथा मेडिकल टीम को तत्काल घटनास्थल पर रवाना किया गया।





यह मॉक ड्रिल जसमीत सिंह संधू, जिला कलेक्टर, के निर्देशन में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य सिविल डिफेन्स, पुलिस, चिकित्सा एवं अन्य संबंधित विभागों की प्रतिक्रिया समय, संसाधनों की उपलब्धता तथा आपदा प्रबंधन की मानक कार्यप्रणाली के अनुसार कार्यवाही का अभ्यास करना था, ताकि वास्तविक आपदा की स्थिति में जनहानि की संभावना को न्यूनतम किया जा सके।

मॉक ड्रिल के दौरान सिविल डिफेन्स रेस्क्यू टीम ने मोटर बोट के माध्यम से गहरे पानी तक पहुंच बनाते हुए फंसे युवकों को लाइफ जैकेट, रस्सी और ट्यूब उपलब्ध कराई। तत्पश्चात सभी पांचों युवकों को सुरक्षित रूप से नाव में बैठाकर किनारे लाया गया। मौके पर मौजूद मेडिकल टीम ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें एम्बुलेंस के जरिए नजदीकी चिकित्सालय भिजवाया। वहीं, स्थानीय पुलिस ने पूरे ऑपरेशन के दौरान भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी।

संपूर्ण मॉक ड्रिल के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने सतत निगरानी रखते हुए विभिन्न विभागों के बीच आवश्यक समन्वय और तालमेल सुनिश्चित किया। ड्रिल के मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बुधराज, प्रशिक्षु आईपीएस आयुष क्षौत्रिय, एसडीएम माण्डल, तहसीलदार माण्डल, थाना प्रभारी माण्डल एवं बागौर, जल संसाधन विभाग के अधिकारी सहित समस्त प्रशासनिक जाप्ता मौजूद रहा।

मॉक ड्रिल के अंत में सभी पांचों युवकों को सुरक्षित बचा लिया गया और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सिविल डिफेन्स टीम की त्वरित एवं कुशल कार्यवाही, पुलिस व मेडिकल टीम के प्रभावी सहयोग तथा प्रशासनिक समन्वय के चलते यह मॉक ड्रिल पूरी तरह सफल रही।

# दोस्ती का भरोसा टूटाः घर आए दोस्त ने बनाया अश्लील वीडियो, ब्लैकमेल कर करता रहा दुष्कर्म

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

रिश्तों की आड़ में भरोसे को तार-तार करने वाला मामला सामने आया है। एक व्यक्ति ने दोस्ती का फायदा उठाते हुए अपने ही दोस्त के घर में घुसकर उसकी पत्नी के अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए और फिर आठ महीने तक उन्हें वायरल करने की धमकी देकर महिला का शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता लंबे समय से मानसिक दबाव में थी, लेकिन जब वह लगातार उदास रहने लगी तो पति के पूछने पर पूरी सच्चाई सामने आई।

यह मामला मांडलगढ़ थाना क्षेत्र का है। 27 वर्षीय महिला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि आरोपी उसके पति का करीबी दोस्त था और घर आना-जाना लगा रहता था। करीब आठ महीने पहले, जब उसका पति घर पर नहीं था, उसी दौरान आरोपी घर आया। उस समय महिला नहाने गई हुई थी, तभी उसने चोरी-छिपे उसके अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए।

पीड़िता के अनुसार, इसके बाद आरोपी लगातार फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करता रहा और इसी डर के चलते उसने कई बार दुष्कर्म किया। लंबे समय तक डर और बदनामी के साये में जी रही महिला आखिरकार टूट गई और पूरी घटना पति को बता दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# सांखड़ा ग्राम पंचायत में विकास योजनाओं का सघन निरीक्षण

## पीएम आवास, नरेगा कार्यों की मैदानी जांच, घुमंतू-अर्धघुमंतू शिविर का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।

**राजेन्द्र बबलू पोखरना।** पंचायत समिति क्षेत्र की सांखड़ा ग्राम पंचायत में विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने बुधवार को सघन निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (नरेगा) एवं नरेगा अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का मैदानी स्तर पर निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के साथ ही ग्राम पंचायत मुख्यालय पर घुमंतू एवं अर्धघुमंतू शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विकास अधिकारी ने शिविर के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और बताया कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में निवासरत घुमंतू व अर्धघुमंतू परिवारों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना, उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा योजनाओं की जमीनी स्थिति का मूल्यांकन करना इस अभियान का मुख्य लक्ष्य है।

निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत स्वीकृत आवासों का भौतिक सत्यापन किया गया। इसके लिए विकास अधिकारी द्वारा तीन निरीक्षण टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों में प्रगति प्रसार अधिकारी दिलीप सिंह एवं सहायक विकास अधिकारी बहादुर सिंह द्वारा आवश्यक अभिलेखों का मिलान किया गया। टीमों ने मौके पर पहुंचकर स्वीकृत आवासों का वास्तविक अस्तित्व, निर्माण की वर्तमान स्थिति, लाभार्थियों की पात्रता व निवास स्थिति तथा निर्माण में गुणवत्ता मानकों के पालन की विस्तृत जांच की।

वहीं महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत विकास अधिकारी रामबिलास मीणा ने विभिन्न कार्यस्थलों का निरीक्षण कर श्रमिकों की उपस्थिति, मस्टर रोल, कार्य की प्रगति तथा स्वीकृत तकनीकी मापदंडों के अनुरूप कार्य निष्पादन की जांच की। निरीक्षण के दौरान योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के सघन निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# UGC की नई नीतियों के विरोध में प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन, छात्रों के भविष्य पर जताई चिंता

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।




विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) द्वारा लागू एवं प्रस्तावित नए नियमों के विरोध में नगर निवासी रामप्रसाद विजयवर्गीय ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन भेजते हुए उच्च शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता जताई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि यूजीसी द्वारा लगातार किए जा रहे नीतिगत बदलावों से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होने के बजाय विद्यार्थियों पर आर्थिक और मानसिक दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे मध्यमवर्गीय और साधारण परिवारों के छात्र-छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना दिन-प्रतिदिन कठिन होता जा रहा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि युवाओं को योग्य, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नीतियाँ इस मूल भावना से भटकती हुई प्रतीत होती हैं। बिना व्यापक जन-परामर्श के लिए गए ऐसे निर्णय न केवल विद्यार्थियों बल्कि उनके अभिभावकों के साथ भी अन्याय हैं। पत्र में यह भी कहा गया है कि शिक्षा जैसी मूलभूत आवश्यकता का इस प्रकार महँगा और जटिल होना देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है।

विजयवर्गीय ने ज्ञापन में यह भी चिंता व्यक्त की है कि इन नियमों से स्वर्ण समाज, जो लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी का कोर वोटर माना जाता रहा है, को सबसे अधिक नुकसान होने की संभावना है, जिससे समाज में असंतोष की स्थिति बन सकती है। ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया है कि यूजीसी द्वारा लागू या प्रस्तावित विवादास्पद नियमों पर तत्काल रोक लगाई जाए, शिक्षा नीतियों की पुनः समीक्षा कर उन्हें छात्र-हितैषी बनाया जाए तथा विद्यार्थियों, शिक्षाविदों और समाज के प्रतिनिधियों से संवाद स्थापित करने के बाद ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाए।

# 1 फरवरी को सवाईपुर मंडल में होगा विराट हिन्दू सम्मेलन




भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** नगर में 1 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। बुधवार को कस्बे के बड़े चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण में सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन संयोजक विमल कुमार आचार्य ने बताया कि 1 फरवरी को सवाईपुर मंडल के सालरिया, ढ़ेलाणा, ड़साणिया का खेड़ा, सोपुरा, खरेड़, सबला जी का खेड़ा, जित्यास, कालिरड़िया एवं नोहरा गांवों का संयुक्त विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सुबह 9:15 बजे बड़े चारभुजा नाथ मंदिर से कलश यात्रा व शोभायात्रा का शुभारंभ होगा, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए रड़ा की माताजी मंदिर पहुंचेगी।

यहां दोपहर 1:30 बजे आगंतुक अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। इसके पश्चात संतों के आशीर्वचन होंगे, फिर भारत माता की आरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। बुधवार सायं को आयोजित पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में कमलेश जाट, गोविंद प्रजापत, लवेश जैन, प्रेम शंकर श्रोत्रिय, प्रमोद श्रोत्रिय, शिवलाल सुथार, नारायण कुमावत, नारायण लाल जाट, मयंक जैन, छोटू वैष्णव, बजरंग वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# चारागाह भूमि पर अवैध कब्जे के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** ग्राम पंचायत आकोला के इन्दौकड़ा की झुपड़िया स्थित चारागाह भूमि पर जबरन अतिक्रमण से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा बुधवार को फूट पड़ा। चारागाह से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में महिला-पुरुष ग्रामीण कोटड़ी उपखंड कार्यालय पहुंचे और उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही कुछ व्यक्तियों ने चारागाह भूमि पर लाठी और भुजबल के आधार पर जबरन कब्जा कर तारबंदी कर दी है। इससे गांव के मवेशियों के लिए आरक्षित चरागाह में पशुओं को चरने से रोका जा रहा है, जिससे क्षेत्र में पशुपालकों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त लोगों द्वारा चारागाह भूमि पर पक्का कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कई बार समझाने के बावजूद अतिक्रमणकारियों ने कब्जा नहीं हटाया। जब ग्रामवासियों ने चारागाह से अवैध कब्जा हटाने की बात की तो उन्हें गाली-गलौच, डराने-धमकाने और मारपीट की धमकियां दी गईं। इससे गांव में रोष और तनाव का माहौल बना हुआ है। इसी को लेकर बुधवार को आकोला प्रशासक शिवलाल जाट के नेतृत्व में इन्दौकड़ा की झुपड़िया से बड़ी संख्या में ग्रामीण कोटड़ी उपखंड मुख्यालय पहुंचे और उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मांग की कि चारागाह भूमि से अवैध अतिक्रमण को तुरंत हटवाया जाए, ताकि गांव के मवेशियों को चरने की सुविधा मिल सके और भविष्य में किसी बड़े विवाद की स्थिति पैदा न हो। ज्ञापन देते समय कालू सिंह, हनुमान सिंह, शिवराज गुर्जर, कालू गुर्जर, नारू गुर्जर, भगवान गुर्जर, बद्री गुर्जर, जयलाल गुर्जर, अर्जुन गुर्जर, सांवर गुर्जर, भंवर गुर्जर, बर्मा लाल गुर्जर, रामचन्द्र गुर्जर, रामा गुर्जर, लादू बैरवा, रामेश्वर बैरवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर नगर कीर्तन का भव्य आयोजन, भजनों की धुन पर झूमे कार्यकर्ता

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।



नगर की नरसिंह बस्ती में आगामी 1 फरवरी को आयोजित होने वाले 'विराट हिंदू सम्मेलन' की तैयारियाँ अब परवान पर हैं। इसी कड़ी में बुधवार शाम को सर्व समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। नगर कीर्तन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नरसिंह बस्ती की ओर जाने वाले सभी मुख्य मार्गों पर भ्रमण किया। जिसमे कार्यकर्ता भगवान के भजनों पर थिरकते हुए और जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। ढोल-मंजीरों की थाप और 'सुंदर काया माटी होगी' जैसे भक्ति गीतों ने पूरे माहौल को धर्ममय बना दिया।

गौरतलब है कि विराट हिंदू सम्मेलन 1 फरवरी को आसींद के श्रीमाल वाटिका में आयोजित किया जा रहा है । इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सर्व समाज के लोग एकजुट होकर जनसंपर्क कर रहे हैं।



QUICK BITES

## 'सृजन' के तहत नृत्य प्रतिभाओं का रंगारंग संगम

## शास्त्रीय, लोक व सुगम नृत्य प्रतियोगिताओं में 130 से अधिक छात्राओं ने लिया भाग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**





कन्या महाविद्यालय में सांस्कृतिक समिति के तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सृजन' के अंतर्गत बुधवार को शास्त्रीय, लोक एवं सुगम नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सावन जांगीड की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को जीवन में नृत्य, संगीत, अभिव्यक्ति और उत्साह के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रारंभ में विशिष्ट नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से शिव-शक्ति की आराधना भी की गई, जिससे वातावरण भावविभोर हो गया। सांस्कृतिक समिति प्रभारी डॉ. शोभा गौतम ने बताया कि बुधवार को महाविद्यालय में कुल छह नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिनमें 130 से अधिक छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंच संचालन नेहा शर्मा एवं प्रियंका गुर्जर द्वारा किया गया, जबकि वर्षा सिखवाल एवं केशव व्यास ने सहयोग प्रदान किया। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। शास्त्रीय नृत्य एकल प्रतियोगिता में विद्या कोली प्रथम, वंदना प्रजापत द्वितीय तथा प्रियंका जाट एवं कुमकुम तृतीय स्थान पर रहीं। सुगम नृत्य एकल में कशिश सेन ने प्रथम, वंदना प्रजापत ने द्वितीय और अनुष्का सुखवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य एकल प्रतियोगिता में चेतना कंवर प्रथम, वंदना प्रजापत द्वितीय तथा नंदनी उपाध्याय तृतीय स्थान पर रहीं।

समूह प्रतियोगिताओं में सुगम नृत्य समूह में खुशी जांगीड़ व समूह ने प्रथम, कुमकुम चुंडावत व समूह ने द्वितीय तथा टीना माली व समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य समूह में भी खुशी जांगीड़ व समूह प्रथम रहे, जबकि द्वितीय स्थान निर्मल तेली व समूह और तृतीय स्थान कुमकुम चुंडावत व समूह ने प्राप्त किया। युगल नृत्य प्रतियोगिता में कुसुम माली एवं जसवंत कंवर प्रथम, चंचल एवं विधि द्वितीय तथा अलीशा एवं इकरा एवं कुमकुम एवं श्रुति तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में डॉ. प्रतिभा राव, सुधा नवल, सुनीता भार्गव, गीतांजलि वर्मा, विजय शेखावत, इंका श्री सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शोभा गौतम द्वारा किया गया।

## गारंटी में बनी सड़क एक साल में उधड़ी, हादसों का खतरा बढ़ा

### खजुरी-बाकरा 9 किमी मार्ग बदहाली की तस्वीर, गड्ढों में गिर रहे वाहन

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**



क्षेत्र में खजुरी से बाकरा तक बनी करीब 9 किलोमीटर लंबी सड़क इन दिनों अपनी बदहाली को लेकर सवालों के घेरे में है। पांच साल की गारंटी अवधि के साथ बनाई गई यह सड़क एक साल भी पूरा होने से पहले ही जगह-जगह से उधड़ने लगी है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि सड़क पर बने गहरे गड्ढे राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार हाल ही में एक ट्रेलर सड़क के गड्ढे में गिर गया, जबकि उरणा क्षेत्र में गड्ढों के कारण कई दोपहिया व चारपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। इस मार्ग से रोजाना गुजरने वाले स्कूली बच्चे, किसान और मजदूर लगातार जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।


स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके चलते पहली ही बरसात में सड़क की परत उखड़ गई। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार से शिकायत की, लेकिन अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई और न ही पेंचवर्क कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार हादसे होने के बावजूद सार्वजनिक निर्माण विभाग की उदासीनता समझ से परे है। यदि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया गया, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गारंटी अवधि में तत्काल गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराई जाए, ताकि आमजन को सुरक्षित आवागमन मिल सके। फिलहाल विभागीय लापरवाही का खामियाजा राहगीरों को अपनी जान जोखिम में डालकर भुगतना पड़ रहा है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# बसंत विहार चौक पर जलभराव समस्या का समाधान शुरू, इंटरलॉकिंग टाइल्स कार्य प्र्रारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





शहर के बसंत विहार स्थित होटल लैंडमार्क के बाहर एवं सर्किट हाउस के सामने वाले चौक पर वर्षों से चली आ रही जलभराव और आवागमन की समस्या के समाधान की दिशा में अब ठोस पहल शुरू हो गई है। स्थानीय विधायक अशोक कोठारी की अनुशंसा पर नगर विकास न्यास द्वारा यहां इंटरलॉकिंग ब्लॉक टाइल्स लगाने का कार्य बुधवार से प्रारंभ कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि उक्त चौक का धरातल लंबे समय से ऊबड़-खाबड़ होने के कारण वर्षाकाल में भारी जलभराव की स्थिति बन जाती थी। इससे क्षेत्र के व्यापारियों, आम नागरिकों तथा ट्रेवल्स की बसों से आने-जाने वाले यात्रियों को आए दिन भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जलभराव के चलते यातायात भी बाधित होता था और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। स्थानीय व्यापारियों द्वारा समस्या से अवगत कराए जाने पर विधायक कोठारी ने जनहित को ध्यान में रखते हुए त्वरित संज्ञान लिया और नगर विकास न्यास को पत्र लिखकर मौके का निरीक्षण करने तथा आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक की पहल पर नगर विकास न्यास द्वारा लगभग 20 लाख रुपये की डीपीआर तैयार कर कार्यादेश जारी किए गए, जिसके अंतर्गत होटल लैंडमार्क के सामने चौक में इंटरलॉकिंग ब्लॉक टाइल्स का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है।

# 8 फरवरी को काशीपुरी में होगा विराट हिंदू सम्मेलन, तैयारियों को लेकर आयोजित हुई बैठक

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



काशीपुरी क्षेत्र में आगामी 8 फरवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर नगर संचालक राजकुमार बंब की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से अशोक बाहेती को कार्यक्रम अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

नगर संचालक राजकुमार बंब ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर समाज को जागृत करना है। कार्यक्रम के तहत रविवार, 8 फरवरी को सुबह 10 बजे खाटू श्याम मंदिर, काशीपुरी से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई आदर्श विद्या मंदिर परिसर, अंबेडकर नगर 100 फीट रोड पहुंचेगी, जहां यह एक विशाल धर्मसभा में परिवर्तित होगी। धर्मसभा के समापन पर समरसता भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें काशीपुरी बस्ती, अंबेडकर नगर, वकील कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों के समाजजन प्रसाद ग्रहण करेंगे। बैठक में आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई तथा घर-घर जाकर आमंत्रण देने का लक्ष्य भी तय किया गया।

# मोडियाखेड़ा ग्रामीणों ने विद्यालय विकास का उठाया बीड़ा

### प्रधानाध्यापक की पहल पर ग्रामीणों ने एक लाख रुपये एकत्रित कर एसएमसी को सौंपे

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**



ब्लॉक क्षेत्र की छापडेल ग्राम पंचायत अंतर्गत मोडियाखेड़ा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के विकास हेतु ग्रामीणों ने अनुकरणीय पहल की है। विद्यालय के संस्था प्रधान विजय कुमार ने पीटीएम एवं गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को विद्यालय में चल रही गतिविधियों, शैक्षणिक स्थिति, जर्जर शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की जानकारी देते हुए सहयोग का आह्वान किया।

इस पर उपस्थित ग्रामीणों ने एकजुट होकर तुरंत सहयोग शुरू किया। कस्बे के भामाशाह जगदीश जाट के माध्यम से मौके पर ही एक लाख रुपये की राशि विद्यालय विकास के लिए एकत्रित हो गई। यह राशि संस्था प्रधान विजय कुमार एवं एसएमसी अध्यक्ष प्रभु लाल गुर्जर को सौंपते हुए ग्रामीणों ने आश्वासन दिया कि विद्यालय विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर पर संस्था प्रधान विजय कुमार ने ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। अध्यापक मनोज कुमार ने बताया कि ग्राम मोडियाखेड़ा सदैव विद्यालय विकास के प्रति विशेष रुचि रखता आया है। उन्होंने बताया कि इसी वर्ष ग्रामवासियों के सहयोग से विद्यालय की छत की मरम्मत भी करवाई गई, जो कोटड़ी ब्लॉक में एक अनूठा उदाहरण है।

भामाशाह जगदीश जाट ने कहा कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से एकत्रित यह राशि विद्यालय विकास को नई दिशा देगी।

कार्यक्रम में शंकरलाल गुर्जर, कैलाश जाट, चैनसुख गुर्जर, महावीर जाट, कालू पारीक, सुखदेव जाट, रामलाल बैरवा, बरदा भील, परमेश्वर गुर्जर, शंकर जाट, महेंद्र जाट, रामस्वरूप गुर्जर, खाना जाट, राजू गुर्जर सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। वहीं विद्यालय परिवार से गुरशरण सिंह, रामकिशन गुर्जर, विष्णु कुमार पारीक, रामनिवास कड़वा, दिनेश गुर्जर सहित शिक्षकगण मौजूद रहे ।

# जैन संस्कार महिला मंच का सामूहिक स्नेह मिलन हर्षोल्लास से संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




गुरुदेव सिद्धार्थ मुनि मसा द्वारा संस्थापित श्री जैन संस्कार महिला मंच की ओर से एक निजी रिसोर्ट में सामूहिक स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत एवं मंगलाचरण के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिला सदस्यों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुभाष नगर श्री संघ अध्यक्ष हेमंत कोठारी, शांत क्रांति की राष्ट्रीय अध्यक्षा लीला कोठारी, नमिता डांगी, आशा कुकड़ा एवं अल्का नाहर उपस्थित रहे, जिनका मंच पर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंच अध्यक्षा शिखा डांगी ने किया, जबकि मंत्री निकिता बम्ब ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रमुख मार्गदर्शीका शकुंतला बोहरा ने अतिथियों का परिचय देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। संरक्षिका सपना तातेड ने मंच के गठन एवं उसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में जैन संस्कार युवा मंच के अध्यक्ष लवकुश चौधरी, मंत्री गौरव सुराणा एवं संरक्षक दिनेश खरवड की गरिमामयी उपस्थिति रही। महिला मंडल की अनेक सक्रिय सदस्यों ने आयोजन में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान हाउजी, विभिन्न खेलों एवं देशभक्ति अंताक्षरी का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रिया लोढ़ा द्वारा किया गया। अंत में कोषाध्यक्ष पिंकी चिपड़ ने सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# विशाल हिंदू युवा वाहिनी महिला प्रकोष्ठ की भीलवाड़ा जिला कार्यकारिणी घोषित


**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

विशाल हिंदू युवा वाहिनी राजस्थान महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष मीना चौहान के निर्देश पर भीलवाड़ा जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रेणु शर्मा ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा की।

महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सह सचिव एवं पूर्व पार्षद निशा जैन ने बताया कि संगठन की गतिविधियों को सुचारू रूप से संचालित करने, राष्ट्रवादी विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने एवं अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने के उद्देश्य से जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। इसके तहत



जिला उपाध्यक्ष पद पर दीपा सोनी, सुलक्षना शर्मा, सुशीला जोशी एवं तारा शर्मा को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जिला महामंत्री पद पर मोहिनी, सपना माली एवं सीमा सोनी



तथा जिला मंत्री पद पर आशा नुवाल, रजविन्दर कौर, गरिमा उपाध्याय एवं चंदा सोनी को दायित्व सौंपा गया है। जिला अध्यक्ष रेणु शर्मा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों से आह्वान



किया कि वे राष्ट्रविरोधी ताकतों के खिलाफ संगठित होकर अधिक से अधिक हिंदू महिलाओं को संगठन से जोड़ें और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाएं।

# शिक्षक मांगों को लेकर सियाराम संघ का आंदोलन, रामगंजमंडी रैली में भीलवाड़ा से 100 शिक्षक होंगे शामिल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शिक्षकों की विभिन्न मांगों पर शिक्षा मंत्री की उदासीनता के विरोध में राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) द्वारा एक फरवरी को शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी (कोटा) में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन के तहत विशाल शिक्षक रैली आयोजित की जाएगी। रैली में भीलवाड़ा जिले से प्रदेश सह संगठन मंत्री प्रेमशंकर जोशी एवं जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में 100 शिक्षकों का दल भाग लेगा।

जिला मंत्री महेश मंडोवरा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाओं के दौरान बिना आवेदन लिए हजारों प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य एवं व्याख्याताओं के स्थानांतरण किए गए, जिससे विद्यार्थियों को नुकसान हुआ है। संगठन का आरोप है कि बोर्ड परीक्षाओं के बीच इस तरह के तबादले शिक्षा विभाग के इतिहास में पहली बार हुए हैं।

प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा मांग पत्र पर वार्ता का लिखित आश्वासन देने के बावजूद 29 अगस्त 2025 को हुई बैठक के निर्णयों पर अब तक कोई क्रियान्वयन नहीं हुआ है, जिससे शिक्षकों में रोष है। प्रमुख मांगों में स्थायी व पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करना, तृतीय वेतन श्रृंखला सहित सभी केडर की डीपीसी, गैर-शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, वेतन विसंगतियों का निस्तारण तथा विभिन्न श्रेणी के शिक्षकों की लंबित मांगें शामिल हैं।

# विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतू परिवारों के लिए सहायता शिविर का हुआ आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

ग्राम पंचायत मुख्यालय पर बुधवार को 6 पंचायतों के विमुक्त घुमंतू एवं अर्धघुमंतू परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से विशेष सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन अतिरिक्त विकास अधिकारी कन्हैया लाल मीना के निर्देशन में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पात्र परिवारों ने भाग लिया। शिविर के दौरान विभिन्न



सरकारी योजनाओं एवं दस्तावेजों से संबंधित कार्य मौके पर ही किए गए। इसमें मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, घुमंतू पहचान पत्र के आवेदन स्वीकार किए गए। इसके साथ ही आवासहीन परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया पूरी कराई गई तथा निःशुल्क भूमि आवंटन से संबंधित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ग्राम विकास अधिकारी जीतराम चौधरी ने बताया कि शिविर में कुल 5 आवासहीन व्यक्तियों के लिए भूमि आवंटन के आवेदन प्राप्त किए गए, वहीं एक पात्र परिवार को मौके पर ही निःशुल्क पट्टा प्रदान किया गया।

शिविर में ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार मीना, हंसराज बैरवा, रवींद्र मलोदिया, हजारी लाल, संजय मीना, कनिष्ठ लिपिक महावीर टेलर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संगम विश्वविद्यालय में पुस्तकालय प्रबंधन पर आमुखीकरण कार्यशाला प्रारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी के युग में पुस्तकालयों को अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करते हुए सूचना विस्फोट के माहौल में सूचनाओं के सुव्यवस्थित प्रबंधन का दायित्व निभाने की आवश्यकता है ताकि प्रामाणिक सूचना सही समय पर सुव्यवस्थित प्रारुप में उपलब्ध हो सके। यह विचार संगम विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. मानस रंजन पाणिगृहि ने इस विश्वविद्यालय में बुधवार से आयोजित दो दिवसीय




आमुखीकरण कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि उद्बोधन में व्यक्त किये। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सामाजिक एवं मानविकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. राजीव मेहता ने कहा कि पुस्तकालयों को बदलते परिवेश में नवीन क्षेत्रों में पहुंच बनाकर अपनी उपयोगिता प्रामाणित करने की आवश्यकता है। विशिष्ठ अतिथि पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के विभागाध्यक्ष डा.अनिल शर्मा ने पुस्तकालयों में तकनीक आधारित शैक्षणिक संसाधनों के प्रबंधन को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। मुख्य वक्ता डा.अरविन्द शर्मा,लाईब्रेरियन आई.आई.एम. उदयपुर ने कहा कि पुस्तकालयों में प्रोफेशनल उपाधि के साथ ही तकनीकी दक्ष कर्मचारियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। संचालन पूर्णिमा पारीक ने किया तथा धन्यवाद युवराज भट्ट ने दिया।

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की ओर ऐतिहासिक कदम

## राजस्थान में हर जिला मुख्यालय पर 'वुमन ट्रेड सेंटर' स्थापित करने का प्रस्ताव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

प्रदेश की महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और व्यावसायिक रूप से स्वावलंबी बनाने की दिशा में कल्याणी फाउंडेशन ने एक बड़ी और दूरदर्शी पहल की है। फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष दिव्या बोरदिया के नेतृत्व में जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू से मुलाकात कर राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम एक महत्वाकांक्षी बजट प्रस्ताव सौंपा। इस प्रस्ताव में राजस्थान के आगामी बजट 2026 में राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर 'वुमन ट्रेड सेंटर' (ड्ड्रष्ट) की स्थापना का सुझाव दिया गया है, साथ ही इसकी पायलट शुरुआत भीलवाड़ा जिले से करने का आग्रह किया गया है। इस संबंध में एक विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी जिला कलेक्टर को सौंपी गई।

दिव्या बोरदिया ने प्रस्ताव में बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में हजारों महिलाएं अपने घरों से या फिर असुरक्षित और महंगे व्यावसायिक स्थलों पर व्यापार करने को मजबूर हैं। वहीं 'लखपति दीदी' योजना और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के पास गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तो हैं, लेकिन प्रीमियम कमर्शियल प्लेटफॉर्म के अभाव में



उनका कौशल और उत्पाद स्थानीय बाजार तक ही सीमित रह जाता है। प्रस्तावित वुमन ट्रेड सेंटर महिलाओं को असंगठित क्षेत्र से निकालकर औपचारिक अर्थव्यवस्था से जोड़ने वाला एक सुरक्षित, आधुनिक और पूर्ण व्यावसायिक ईकोसिस्टम प्रदान करेगा।

फाउंडेशन के अनुसार यदि इस प्रोजेक्ट को राज्य के सभी जिलों में लागू किया जाता है तो यह लगभग 1500 करोड़ रुपये की वृहद योजना होगी। इसके क्रियान्वयन से राजस्थान देश का पहला ऐसा राज्य बन जाएगा, जहां 'ऑल वुमन मैनेज्ड' कमर्शियल बिजनेस हब संचालित होंगे। यह परियोजना करीब 10 से 11 वर्षों में अपनी लागत निकालकर आत्मनिर्भर श्रेणी में आ जाएगी।

कल्याणी फाउंडेशन ने जिला कलेक्टर को सुझाव दिया कि इस योजना की शुरुआत भीलवाड़ा से की जाए और इसके लिए मुख्यमंत्री को प्रशासनिक स्तर पर भी प्रस्ताव भेजा जाए। फाउंडेशन ने आर.के. कॉलोनी स्थित 'ग्रामीण हाट' परिसर को इसके लिए सबसे उपयुक्त स्थल बताया है। वर्तमान में यह स्थान वर्षभर में केवल कुछ ही दिनों तक मेलों के लिए उपयोग में आता है, जिसे एक भव्य तीन मंजिला आधुनिक व्यापारिक केंद्र में परिवर्तित कर महिलाओं के लिए एक सशक्त 'आर्थिक प्रवेश द्वार' के रूप में विकसित किया जा सकता है।

प्रस्तावित वुमन ट्रेड सेंटर में न्यूनतम 300 व्यापारिक इकाइयां (दुकानें/शोरूम) होंगी, साथ ही प्रोफेशनल महिलाओं के लिए अत्यंत कम किराए पर ऑफिस स्पेस उपलब्ध कराया जाएगा। यह केंद्र प्रधानमंत्री की 'लखपति दीदी' योजना से जुड़ी महिलाओं के उत्पादों के लिए एक प्रभावी और स्थायी विक्रय मंच साबित होगा। इसके अतिरिक्त कामकाजी महिलाओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यहां क्रेश (शिशु गृह), मेडिटेशन हॉल, डिजिटल लाइब्रेरी और मीडिया सेंटर, मिनी थिएटर, एग्जिबिशन हॉल, गेम जोन, कैफेटेरिया, टेरेस गार्डन, ट्रेनिंग सेंटर, बैंकिंग व फाइनेंस हेल्प डेस्क, सरकारी योजनाओं की सिंगल विंडो, मिनी क्लीनिक जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है।

फाउंडेशन ने यह भी सुझाव दिया है कि वुमन ट्रेड सेंटर में दिव्यांग, विधवा, परित्यकता और 'लखपति दीदी' महिलाओं के लिए दुकानों में निश्चित आरक्षण और किराए में विशेष छूट दी जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर बनते हुए अपने व्यापार को मजबूती से आगे बढ़ा सकें।

दिव्या बोरदिया ने कहा कि यदि राज्य सरकार इस सुझाव को बजट 2026 में सम्मिलित करती है तो राजस्थान देश का पहला 'ऑल वुमन मैनेज्ड' कमर्शियल हब वाला राज्य बनकर उभरेगा। इससे प्रदेश की एक लाख से अधिक महिलाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से व्यापार व रोजगार के अवसर मिलेंगे और यह कदम 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को साकार करते हुए प्रदेश की जीडीपी में महिलाओं की भागीदारी को ऐतिहसिक स्तर तक पहुंचाएगा।

## QUICK BITES

### जैन-माहेश्वरी समाज का स्नेह मिलन कार्यक्रम संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जैन-माहेश्वरी समाज, कालियास द्वारा टंकी के बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम उत्साहपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाजजनों में आपसी परिचय, एकता और सहयोग को सुदृढ़ करना रहा।

आयोजन के दौरान समाज के सभी परिवारों का परिचय कराया गया तथा वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। महिला शक्ति ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। यह आयोजन जैन माहेश्वरी युवा संगठन के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रभावशाली मंच संचालन एडवोकेट राजेन्द्र कचोलिया द्वारा किया गया।

### माहेश्वरी प्रोफेशनल क्रिकेट लीग 2026 का समापन, एसएन वॉरियर्स विजेता

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




माहेश्वरी प्रोफेशनल फोरम के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय माहेश्वरी प्रोफेशनल क्रिकेट लीग का समापन भव्य रूप से हुआ। खिताबी मुकाबले में एसएन वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। महावीर स्कूल ग्राउंड में दूधिया रोशनी में खेले गए फाइनल में शारदा सुपरकिंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 111 रन बनाए, जिसके जवाब में एसएन वॉरियर्स ने 12 ओवर में 9 विकेट से जीत दर्ज की। फाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए मनोज लढा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। सेमीफाइनल मुकाबलों में शारदा सुपरकिंग्स ने सत्कार लायंस को 1 रन से जबकि एसएन वॉरियर्स ने कामधेनु टाइटन को 21 रन से हराया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई, वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

### कल्याणम संस्थान ने जहाजपुर की 26 प्रतिभावान बेटियों को वितरित किए टेबलेट

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





कल्याणम संस्थान की ओर से राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम कन्या विद्यालय जहाजपुर में बुधवार को 26 प्रतिभावान छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी राजकेश मीणा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि थानाधिकारी राजकुमार नायक एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिखा राणावत उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी मीणा ने छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने की प्रेरणा देते हुए कहा कि शिक्षा वह सशक्त हथियार है, जिसके माध्यम से दुनिया को बदला जा सकता है। उन्होंने छात्राओं से डिजिटल संसाधनों का सकारात्मक उपयोग करने का आह्वान किया।

संस्थान के सचिव एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद तिवारी ने बताया कि कोरोना काल के दौरान अनेक छात्राओं के पास मोबाइल या डिजिटल संसाधन नहीं होने के कारण ऑनलाइन पढ़ाई में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। इसी अनुभव से प्रेरित होकर प्रतिभावान बेटियों को टेबलेट उपलब्ध कराने की पहल की गई।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पीयूष नागौरी, सांसद प्रतिनिधि धनश्याम नागौरी, व्यापारी मुकेश नागौरी एवं ओम डाणी सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

गौरतलब है कि जहाजपुर के प्रथम डॉक्टर डॉ. कल्याण लाल शर्मा के नाम पर गठित कल्याणम संस्थान अब तक भीलवाड़ा जिले के विभिन्न विद्यालयों में 200 से अधिक प्रतिभावान विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित कर चुका है। इसके साथ ही संस्थान द्वारा महात्मा गांधी अस्पताल में 50 से अधिक ऑयल हीटर उपलब्ध कराए गए, कोरोना काल में मास्क व सैनिटाइज़र वितरण किया गया तथा कंबल बैंक की स्थापना सहित अनेक जनहितकारी कार्य किए गए हैं। संस्थान की कार्यकारिणी में उद्योग, व्यापार, बैंकिंग, शिक्षा, कृषि, पत्रकारिता, दूरसंचार, इंजीनियरिंग, चिकित्सा एवं आईआईटियन जैसे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।